pib.nic.in

पत्र **सूचना कार्यालय**

गृह मंत्रालय

*****

प्रेस विज्ञप्ति

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने विख्यात शास्त्रीय गायक पंडित जसराज के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया

"संगीत मार्तंड पंडित जसराज जी एक असाधारण कलाकार थे जिन्होंने अपनी जादुई आवाज़ से भारतीय शास्त्रीय संगीत को समृद्ध किया"

"पंडित जसराज जी का निधन व्यक्तिगत हानि के समान है"

"पंडित जसराज जी अपनी अद्वितीय रचनाओं के माध्यम से हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे"

नई दिल्ली, 17.08.2020

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने विख्यात शास्त्रीय गायक पंडित जसराज के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। एक ट्वीट में श्री अमित शाह ने कहा कि "संगीत मार्तंड पंडित जसराज जी एक असाधारण कलाकार थे जिन्होंने अपनी जादुई आवाज़ से भारतीय शास्त्रीय संगीत को समृद्ध किया। उनका निधन व्यक्तिगत हानि के समान है। वे अपनी अद्वितीय रचनाओं के माध्यम से हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति शोक संवेदना। ओम शांति"।

पंडित जसराज भारतीय शास्त्रीय संगीत के सबसे प्रमुख गायकों में से एक थे। वर्ष 2000 में पंडित जसराज को भारत के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पदम विभूषण से सम्मानित किया गया था।

https://twitter.com/AmitShah/status/1295355497558679552?s=20

***

एनडब्लू/आरके/पीके/एसएस/डीडीडी